Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 28-12-2021 | अंक 98

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः 29.12.2021
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---कृष्ण पक्ष
तिथिः---दशमी तिथि दिन 11:29 तक उपरांत एकादशी तिथि
दिनः---बुधवार
नक्षत्रः---स्वाति नक्षत्र
योगः---सुकर्मा
करणः---भ
सूर्योदय :---प्रातः 06:47
सूर्यास्त : संध्या 05:13
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---तुला राशि में
आज का राहूकाल दिनः---12:00 बजे से दिनः---01:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)

आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज गणेश भगवान को दूर्वा अर्पित करने से विद्यार्थियों को विशेष लाभ होता है।



आलेख---
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# बरही अनुमंडल के युवाओं को डिफेंस एवं झारखण्ड पुलिस में भर्ती के लिए फिजिकल फिटनेस की तैयारी करा रहा है बरही डिफेन्स एकेडमी

## 3 जनवरी 2022 से होगा थ्योरी क्लास चालू, नामांकन के लिए मो0 7070459803 , 6200832770, 8709962329 पर करें संपर्क, फिटनेस क्लास जारी



शारीरिक फिटनेश क्लाश मे शामिल प्रतिभागी



बरही डिफेंस एकेडमी के प्रशिक्षक

**अपेम लाइवः बरही**
**कृष्णा प्रजापति**

बरही हज़ारीबाग़ रोड स्थित यूनियन बैंक परिसर में बरही डिफेंस एकेडमी संचालित है। इस एकेडमी के माध्यम से बरही अनुमंडल एवं आस पास के युवाओं को आर्मी एवं झारखण्ड पुलिस में भर्ती करने के लिए प्रशिक्षित कराया जा रहा है। बरही डिफेंस एकेडमी के निदेशक कृष्णा कुमार ने बताया कि हमारे एकेडमी में 50 - 50 बच्चों का बैच तैयार किया गया है। जिन्हें आर्मी या झारखण्ड पुलिस में भर्ती कराने के लिए आवश्यक सभी तैयारियां कराई जा रही है। बच्चों को राजेश कुमार, उपेंद्र यादव, एव रोहित कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। फिलहाल बरही डिफेंस एकेडमी में 40 बच्चे पर बरही डिफेंस एकेडमी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसमे 10 लड़कियां हैं। उपेंद्र यादव ने कहा कि बरही के युवाओं में देश प्रेम, देश भक्ति कूट कूट भरी है। यही कारण है कि बरही अनुमंडल के युवा आर्मी में भर्ती होना चाहते है। हमलोग इस इंस्टिट्यूट के माध्यम से शारीरिक रूप से फीट बनाने में लगे हैं। ताकि आर्मी हो या झारखण्ड पुलिस हर प्रतियोगिता में शारिरिक रूप से फ़ीट साबित हो सके। प्रशिक्षक राजेश कुमार एवम रोहित कुमार ने कहा कि हमलोग इस इंस्टिट्यूट के माध्यम से एक ऐसा माहौल क्रिएट करना चाहते हैं ताकि युवा वर्ग के लोग डिफेन्स में अपनी भाग्य आजमा सके। निदेशक कृष्णा कुमार ने बताया कि तीन जनवरी 2022 से थ्योरी क्लास शुरू होगा। 20 दिसंबर से ही फिजिकल क्लास चालू है। प्रत्येक दिन प्रखंड मैदान में प्रतिभागियों को फिजिकल एक्सरसाइज कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई बरही डिफेंस एकेडमी में नामांकन लेना चाहते हैं तो वे लोग माबाइल नंबर 7070459803, 6200832770एवं , 8709962329 पर सम्पर्क कर सकते है।

# कांग्रेस पार्टी का 137 वां स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय बरही में हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन कर मनाया गया

## राष्ट्र के निर्माण में कांग्रेस पार्टी का योगदान अतुलनीय : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः बरही**



झण्डे को सलामी देते कांग्रेस कार्यकर्ता

प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरही में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी का 137 वां स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन कर मनाया गया। इस बीच कांग्रेस पार्टी के समर्पित सिपाहियों ने मिठाइयां बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इकबाल रजा व संचालन प्रखंड कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह ने की। बतौर मुख्य अतिथि निवेदन समिति के सभापति सह विधायक बरही विधानसभा उमाशंकर अकेला यादव उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा राष्ट्र के निर्माण में कांग्रेस पार्टी का योगदान अतुलनीय है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है की कांग्रेस ने देश की आजादी के समय अहम भूमिका निभाई थी। कांग्रेस सरकार ने 1954 में एक परमाणु विभाग की स्थापना की तथा 1956 में, मुंबई में भारत के पहले परमाणु रिएक्टर की स्थापना हुई। दिलचस्प बात यह थी कि भारत का पहला परमाणु रिएक्टर एशिया का भी पहला रिएक्टर था। पोलियो मुक्त भारत, सूचना का अधिकार कानून, भूमि अधिग्रहण विल, भोजन का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, चंद्रयान, चांद पर तिरंगा लहराना, मंगलयान मंगल ग्रह पर पहुंचे, मेट्रो ट्रेन दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, मुंबई, केरल, परमाणु पनडुब्बी का निर्माण, यह सब कांग्रेस सरकार की ही देन है। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर यादव, प्रखंड कांग्रेस महिला मोर्चा अध्यक्षा मीना देवी, उप प्रमुख सिकंदर राणा, विधायक प्रतिनिधि बाल विकास हरी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग मोहम्मद रुस्तम, विधायक प्रति. निधि अल्पसंख्यक मोहम्मद वारिस, प्रखंड कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष सुनील साहू, उपाध्यक्ष यमुना यादव, कांग्रेस सदस्यता प्रभारी प्रमोद सिंह, कुणाल कतरियार, पूर्व मुखिया मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि एफसीआई अशोक सिंह, रिजवान अली, बलराम कुमार, मुनीलाल ठाकुर, मोहम्मद तय्यब निजामुद्दीन, मोहम्मद कलीम, फ़िरदौस ख़ान, मोहम्मद सरताज, प्रकाश यादव, जागेश्वर यादव , बलराम ठाकुर, अशोक शर्मा, मो. हम्मद अरमान, मोहम्मद गुलजार, रामेश्वर पांडे, मनोज यादव, संजय यादव, दिनेश यादव, नकुल करण देव, हकीम अंसारी तथा अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 28-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन में चयनित छात्रों ने डीएवी बरही का मान बढ़ाया : प्राचार्य ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में विद्यार्थी विज्ञान मंथन में चयनित छात्रों का किया गया सम्मान

**अपेम लाइवः बरही**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतियोगिता परीक्षा में चयनित छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि विज्ञान छात्रों की सोच में वैज्ञानिक आधार प्रदान करता है ।विज्ञान हमेशा हमारे अंदर तार्किक माध्यम से विषयों को स्वयं आत्मसात करने की छमता उत्पन्न करता है। इस प्रतियोगिता में सृष्टि श्रेया कक्षा टप्प्, आदित्य राज टप्प्। और इसीका स्पर्धा ने राज्य स्तर पर सफलता प्राप्त की। विद्यालय स्तर और स्कूल स्तर पर भी इनका रैंक अच्छा रहा। विद्यालय स्तर पर कक्षा नवम से सृष्टि श्रेया ,विद्या केसरी और हर्षराज ने क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा दशम से तानिया राणा और सोलंकी सोनी ने क्रमश प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनकी सफलता के लिए प्राचार्य मोहदय ने छात्रों के साथ-साथ सभी शिक्षकों को भी बधाई दी। विज्ञान विषय के शिक्षक अनिल कुमार, रमेश कुमार, रंजीत कुमार, प्रवीण कुमार राय, संध्या सिंह ,ममता कुमारी ,प्रह्लाद कुमार, उमेश कुमार राणा, प्रतीक आनंद, अभय कुमार पाठक के कार्यो की प्रशंसा की ।प्राचार्य महोदय ने कहा कि डीएवी की परंपरा रही है कि वह छात्रों के अंदर छिपे गुणों को ढूंढकर उसे सही दिशा प्रदान करने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। अतः हमें हर वक्त हर संभव छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

## विष्णुगढ़ में पार्टी का ध्वज फहराकर कांग्रेस का स्थापना दिवस मना

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश कु0 गोल्डी**



विष्णुगढ़ में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाते कांग्रेस कार्यकर्ता

विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी का 137वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराकर सलामी दी। स्थापना दिवस पर मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है। इसकी स्थापना 1885 ई. में की गई थी। पार्टी की स्थापना तब की गई थी, जब अंग्रेजों का जुल्म शोषण भारतीयों के प्रति चरम सीमा पर था। देश को अंग्रेजों की गुलामी के चंगुल से निकालने का श्रेय कांग्रेस पार्टी को जाता है। कांग्रेस के शासनकाल में देश का अपेक्षित विकास हुआ। आज की हालत किसी से छिपी नहीं है। देश के सर्वोच्च सत्ता पर बैठे लोग कांग्रेस के समय में स्थापित औद्योगिक संपत्तियों को बेचने पर लगे हैं। इसे सबको समझने की जरूरत है। देश का विकास कांग्रेस हीं कर सकती है। देश की आजादी में कांग्रेस पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने अपनी शहादत दी। जिसका परिणाम हुआ की देश आजाद हुआ। मौके पर प्रखण्ड कार्यकारी अध्यक्ष रामजन्म राय, जिला उपाध्यक्ष विश्वेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्रा, जिला सचिव जगदीश बर्मन, जाकिर हुसैन, हाफिज अंसारी, नरेश सिंह, मो. हुसैन, गणपति स्वर्णकार, जमीरउद्दीन अंसारी, शिव प्रसाद लाकर, इसराइल अंसारी आदि कई कांग्रेसी शामिल थे।

## विजैया पंचायत मे पैक्स चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष बने कार्तिक पासवान

**अपेम लाइवः बरही**


कार्तिक पाश्वान

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत मे पैक्स का चुनाव निर्वाचन पदाधिक. ारी बीसीओ संजय यादव नेतृत्व मे सम्पन्न हुआ। विजैया प्रधान दसरथ यादव के अध्यक्षता बैठक आयोजित की गई। जिसमे निर्विरोध गुंडियो निवासी कार्तिक पासवान पिता गंगो पासवान चुने गए। इस बैठक में 14 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी चयन किया गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो कैयूम ने कहा कि अब विजैया पंचायत एव अगल बगल पंचायत के लोगो को धान खरीदी, बिक्री मे काफी सहूलित हा. ेगी। साथ ही साथ नया पैक्स अध्यक्ष को भी निर्देश दिया गया कि किसान के धान खरीदी मे सहुलित रखियेगा एवं पैक्स का सही संचालन करे। मौके निर्वाचन पदाधिकारी संजय यादव, जीप प्रतिनिधि मो कैयूम, मुखिया दसरथ यादव, उप मुखिया सहदेव शर्मा, नन्हू यादव, समाजसेवी रघु मोदी, युगल यादव आदि उपस्थित रहे।

## दुकान में घुसकर मारपीट, छिनतई एवं रंगदारी मांगने का आरोप, थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइवः बरही**

बरहीडीह निवासी रमेश ठाकुर ने बरही थाना में आवेदन देकर बरही डीह निवासी सुधीर सिंह पर मेडिकल दुकान में घुसकर मारपीट, छिनतई एवं रंगदारी करने का आरोप लगाया है। दिए आवेदन में सूचक रमेश ठाकुर ने कहा कि उनका अभिषेक मेडिकल दुकान है जो सुनीता देवी पति होरिल सिंह के किराया का मकान में चल रहा है। दिनांक 28 दिसम्बर को सुधीर सिंह मेरे दुकान में आकर मारपीट करने लगा। दुकान का किराया अलग से मांग करने लगा। साथ ही गल्ला से चार हजार रुपये भी निकाल लिया। सूचक ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जान से मारने की धमकी भी दी है। इस मामले को लेकर पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर पूछ ताछ कर रही है। हालांकि इस मारपीट में सुधीर सिंह भी घायल हो गया। उनका प्रा. थमिक उपचार बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।

## आस्था पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, बिरसा जैविक उद्यान पहुंच वन्य प्राणी का लिया जायजा

**अपेम लाइवः बरही**


शैक्षणिक भ्रमण में शामिल बच्चे

आस्था पब्लिक स्कूल चंदन नगर की ओर से बच्चो का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान स्कूल के बच्चे बिरसा जैविक उद्यान ओरमांझी रांची पहुंच कर वन्य जीव प्राणीयों के बारे में जानक. ारी ली। शैक्षणिक भ्रमण के नेतृत्व विद्यालय के निदेशक सह प्रधानाध्यापक सकलदेव यादव , स्कूल के शिक्षकगण संतोष कुमार, मो सरफराज एवं तमन्ना मैम ने किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने वन्य प्राणी के बारे में जानकारी देते हुए उनके जिज्ञाषा को शांत किया। इस अवसर पर निदेशक सकलदेव यादव ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चो का बौद्धिक विकास होता है। बच्चों को नजदीक से देखने का मौका मिलता है। वन्य जीव को देकर उनके बारे में जानने की उत्सुकता पैदा होती है। इसलिए हम हर वर्ष बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण कराते हैं। शैक्षणिक भ्रमण में सारा हायत, तमन्ना प्रवीण, ज्योति कुमारी,अंजली कुमारी, राखी कुमारी, अंश कुमार, निशी ,अंजलि ,सीमा, अंकिता, पूजा ,राहुल ,पंकज, संदीप, पियूष ,दीपेश ,चंदन, अभिनंदन सृजित कई विद्यार्थी मुख्य रूप से शामिल रहे हैं ।

## यौन शोषण के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर यादव समाज की महा बैठक, थाना को सौपा ज्ञापन



आरोपी की गिरफ्तरी की मांग करते यादव समाज के लोग

**अपेम लाइवः बरही**

बरही थाना कांड संख्या 532/21 के नामजद अभियुक्त दीपेश साव उर्फ पप्पू साव की गिरफ्तारी को लेकर यादव समाज के ला. ेगों ने बरही थाना पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है ।इसके पूर्व यादव धर्मशाला में प्रसादी गोप की अध्यक्षता में एक महा बैठक हुई ।। इसमे घटना की कड़ी निंदा की गई। साथ ही घटना पर आक्रोश जताते हुए अविलम्ब दोषी अभियुक्त को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। इस बाबत बरही थाना में दिए आवेदन में चार सूत्री मांग की गई है। इसमे अभियुक्त की अविलम्ब गिरफ्तारी, जालसाजी करने वाले अभियुक्त के पिता कपिल साव पर कानूनी कार्रवाई करने, स्पीड ट्रायल के माध्यम से अभियुक्त को सजा देने की मांग शामिल है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि पीड़िता की जन्मतिथि को लेकर जालसाजी की गई है। पीड़िता की वास्तविक जन्म तिथि एक जनवरी 2006 है जबकि आरोपी के परिजनों के द्वारा एक जनवरी 2003 दिखाया गया है। साथ ही पीड़िता के परिजनों को केस उठाने की भी धमकी दी जा रही है। इस मामले में लिप्त लोगों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। यादव समाज के लोगो ने कहा कि यदि पुलिस अविलम्ब गिरफ़्तारी नही करती है तो यादव समाज चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। हालांकि थाना प्रभारी नीरज सिंह ने कहा कि अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। मौके पर प्रसादी यादव, गणेश यादव, किशुन यादव, प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, परमेश्वर यादव, बिनोद यादव, संजय यादव, कृष्णा यादव, युगल यादव, दशरथ यादव, रघु यादव, परमेश्वर यादव, अनुज यादव, बद्री यादव, बिनोद यादव, शतपाल यादव उर्फ बिक्की, अशोक यादव, उदय यादव, दीनानाथ यादव, पिंटू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा

## अगामी नया साल को लेकर सत्यानंद भोक्ता के द्वारा बैठक में राजद कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में झारखंड के श्रम मंत्री आदरणीय सत्यानंद भोक्ता अगामी आने वाला नया साल 2022 को लेकर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के साथ साथ झारखंड के कई विधानसभा में नया साल को लेकर कैलेंडर का वितरण किया गया। विस्थापित रैयतों के साथ रा. `जगार को लेकर डाडीकलां मैदान में बैठक रखी और कैलेंडर देकर सम्मानित किया गया। बैठक की अध्यक्षता आसिफ अंसारी ने की। जिसमें अहम फैसला लिया गया है कि विस्थापित एवं प्रभावित क्षेत्र में 75 : स्थानीय को रोजगार से जोड़ने को लेकर राज्य सरकार के द्वारा जो नियम पास हुई है इसे एनटीपीसी उनकी सहयोगी कंपनी त्रिवेणी सैनिक के द्वारा स्थानीय को 75: रोजगार देने का काम करें एवं सरकार के 2 वर्ष होने पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र वासियों की तरफ से महागठबंधन की सरकार को हार्दिक बधाई दिया गया। इस बैठक में रोजगार के विषय में चर्चा किया गया। मौके पर राजद कार्यकर्ताओं ने त्रिवेणी सैनिक के द्वारा जल्द से जल्द 75: रोजगार को देने कि बात की। मौके पर सोनू इराकी, मोहम्मद मुख्तार, आलम तफज्जुल अंसारी, अरशद अंसारी, जैकी उल्ला, मो. तनवीर, मो. आरिफ, मो. साबिर, ललन पांडे, पंकज पांडे , अकाश कुमार, मो. माज, मोहम्मद इम्तियाज आदि लोग उपस्थित थे।

## बड़कागांव में आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया विश्वासघात दिवस

### हेमंत सरकार झारखंड की जनता के साथ विश्वासघात किया : संदीप कुशवाहा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




कार्यक्रम में शामिल आजसू कार्यकर्ता

हेमंत सरकार के आज 2 वर्ष पूरे होने पर आजसू पार्टी ने बड़कागांव टैक्सी स्टैंड के सामने विश्वासघात दिवस के रूप में मनाया। जिसकी अध्यक्षता बादम निवासी प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा एवं संचालन कामेश्वर महतो ने किया। मौके पर उपस्थित संदीप कुशवाहा ने कहा की वर्तमान सरकार 2 वर्षो में अपने चुनावी घोषणा में जो वादे किए थे वह अबतक एक भी कार्य आज तक पूरा नहीं कर सकी है । पिछड़ी जाति को 27: आरक्षण ,5 लाख नौकरियों देने, किसानों के ऋण माफी हो, शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने , स्थानीय नीति बनाने की बात हो नौकरी में महिलाओं को 50: आरक्षण की बात हो, पारा शिक्षक को की बात हो , या फिर जितने भी अनुबंध में कार्य कर रहे की बात किए थे वाह आज तक एक भी कार्य धरातल पर नहीं हुआ है। इस कार्यक्रम मैं उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा , कामेश्वर महतो, शंकर मिश्रा, तुलेश्वर राम, ब्रजकिशोर जयसवाल, महेंद्र महतो, सूरज कुमार, प्रमोद महतो, विनोद राम, बजरंग महतो, सागर महतो, बा. लेश्वर महतो ,कमलेश कुमार, संतोष सिन्हा, राजेश कुमार, भुनेश्वर महतो, सीधेश्वर महतो, तपेश्वर कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

## बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी का पुतला फूंका

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**




विरोध मार्च में शामिल ब्राह्मण समाज के लोग

बिहार के पूर्व सीएम जीतन. राम मांझी द्वारा एक जाति विशेष के विरुद्ध आपत्ति. जनक बयान देने के विरोध में मंगलवार को जुलूस निकाला गया। विष्णुगढ़ ब्राह्मण समाज द्वारा निकाले गए विरोध मार्च की शुरुआत बंशीधर अखाड़ा चौक से हुई, जो ह०स्पीटल चौक होते हुए सातमील मोड़ पर जाकर समापन हुआ। इस दौरान पूर्व सीएम के विरोध में जोरदार नारेबाजी की गई। ब्राह्मण समाज के लोगों ने सातमील मोड़ पर पूर्व सीएम का पुतला फूंक कर विरोध जताया। राजेन्द्र पांडेय ने कहा कि बिहार के पूर्व सीएम का बयान काफी आपत्तिजनक एवं सनातन धर्म के विरुद्ध है। ब्राह्मणों को शास्त्र में भी पूजनीय बताया गया है। सनातन धर्म पर कुठाराघात करने वाले सीएम की दिमागी हालत ठीक नहीं है। उन्हें मानसिक आरोग्यशाला में इलाज कराने की जरूरत है। ब्राह्मण समाज के अन्य लोगों ने भी उनके बयान पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए जोरदार विरोध किया। मौके पर शंभुनाथ पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, बटेशवर कुमार मिश्र, अनिल कुमार मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र, रामप्रसाद पांडेय, ऋत्विक मिश्रा, सुनील अकेला, संजीत मिश्र, ओमप्रकाश पांडेय, अशोक पांडेय, विरेन्द्र पांडेय, संजय मिश्रा, अजीत कुमार मिश्रा, सुबोध पांडेय, विजय पांडेय, मन्नू पांडेय, संजय वैद्य, गौतम पांडेय, रवि पांडेय, रवि मिश्र, विशाल पांडेय, अम्बिका पांडेय, अनंत वैद्य, ओमप्रक. ाश वैद्य, रंजीत पांडेय, अक्षय कुमार मिश्र, राहुल मिश्र, अंकित मिश्र आदि शामिल थे।

## केशोडीह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया आयोजिन

### लाभुक ग्रामीणों ने दिया जरूरत के अनुसार आवेदन

**अपेम लाइव :**
**बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**





कार्यक्रम में शामिल लोग

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के केशोडीह पंचायत भवन परिसर में सोमवार को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सर्प्रथम महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया जिसमें बालविकाश परियोजना पशुपालन जे एस एल पी एस संस्था प्रधानमंत्री आवास प्रखण्ड आपूर्ति सभी तरह के पेंशन मनरेगा समेत सभी तरह के प्रखण्ड व अंचल विभाग का स्टोल लगाकर लाभुकों का आवेदन लिया गया जिसमे ग्रामीणों का काफी भीड़ देखी गई बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार का यह पूर्व घोसित कार्यक्रम है जिसको धरातल पर उतारने की जिम्मेवारी मिली है जिसको लेकर सभी पँचायत भवनों में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो का लाभ मिल रहा है।इस अवसर पर मुख्य रूप से बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील वर्मा बिरनी सीओ अशोक राम पशुपालन पदाधिकारी सभी राजश्व उप निरीक्षक कम्प्यूटर ऑपरेटर आंगनवाड़ी सेविका सहायिका पोषण सखी मुखिया पूर्णिना देवी मुखिया प्रतिनिधि रणधीर मंडल पँचायत सेवक रा. `जगार सेवक समेत सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी के अलावा स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## हजारीबाग हीरो मोटो लक्ष्मी ऑटो मोबाइल शोरूम मैनेजर से लेवी मांगने मामले में तीन गिरफ्तार जेल भेजेगा

### पुलिस ने 1 कट्टा ,14 जिंदा कारतूस एवं तीन मोबाइल जप्त किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**

हजारीबाग हीरो मोटो लक्ष्मी ऑटो मोबाइल शोरुम के मैनेजर से लेवी मांगने के मामले में बड़कागांव एवं हजारीबाग पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर तीन अपराधी को धर दबोचा। पुलिस ने छापेमारी में एक कट्टा ,14 जिंदा कारतूस एवं 3 मोबाइल बरामद किया है । कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन अपराधियों को जेल भेज दिया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि अपराधियों की शिनाख्त मोबाइल लोकेशन से किया गया तीनों को गुरु चट्टी लक्ष्मण साव के मकान में छापामारी कर ऊपरी तल्ला से तीनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। तीनों हजारीबाग मोटो लक्ष्मी अ०टो मोबाइल शोरुम के मैनेजर से रंगदारी मांगने से संबंधित है। तलाशी के दौरान अपराधियों के पास से एक लोडेड कट्टा, 14 जिंदा कारतूस ,3 मोबाइल एवं एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार किए जाने वालों में 23 वर्षीय एहसान अंसारी( पिता अख्तर अंसारी) ग्राम जोलावीघा, थाना प्रतापपुर जिला चतरा, दूसरा आरोपी 31 वर्षीय शमीम अंसारी( पिता हुसैन अंसारी) ग्राम भेलगड्डा, थाना मांडू जिला रामगढ़ का रहने वाला है यह त्रिवेणी सैनिक में मैक. निकल का काम करता है। वहीं तीसरा आरोपी 22 वर्षीय अखिलेश चौधरी ( पिता महावीर चौधरी) ग्राम जोलावीघा, थाना प्रतापपुर जिला चतरा का रहने वाला है। तीनों पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।




APEM LIVE

दिनांक: 28-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 06

## बच्छई पंचायत से समाप्त हुआ आपके अधिकारी आपकी सरकार कार्यक्रम

### विधायक, बीडीओ, मुखिया आदि ने किया कार्यक्रम का उदघाटन

**अपेम लाइव :चौपारण**



कार्यक्रम में शामिल लोग

बीते एक माह से चले आ रहे, आपके अधिकार, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का बच्छई पंचायत से हुवा समाप्त। मंगलवार को पंचायत भवन दुमरो में आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुरुवात बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, स्थानीय मुखिया कुन्ती देवी आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कृषक मित्र मिन्हाज मेहंदी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने सरकार के उपलब्धियो को गिनाते हुए कहा कि पिछले एक महीने से पूरा प्रखण्ड प्रसाशन आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से पंचायतो में पहुँची। कहा हमारी सरकार राज्य गरीबो, दलितों, पिछडो, शोषितों की सरकार है। विधायक ने पंचायत वार शिविर से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। बीडीओ ने आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम समाप्ती की घोषणा करते हुए कहा कि इस दौरान विधायक सर व उनके सहयोगियों का भरपर साथ मिला और सभी पंचायतो में पंचायत जनप्रतिनिधियो के प्रयाश से पंचायतवार शिविर शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुवा। कहा शिविर में आवे आवेदनों पर नियम संगत कार्य किया गया और कार्यो का निष्पादन किया जा रहा है। स्थानीय मुखिया कुन्ती देवी ने राज्य सरकार के इस कार्यक्रम की सराहना किया। शिविर में लगे स्ट०ल पर अव्यवस्था से ग्रामीणों में दिखी नाराजगी। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया प्रति. निधि बीरेंद्र रजक, पैक्स अध्यक्ष सहदेव यादव, समा. जसेवी रामलखन राणा, कांग्रेस उपाध्यक्ष संतोष रजक, कांग्रेस नेता नकुल रजक, बीरेंद्र रजक, भैरो साव, वार्ड सदस्य सकलदेव यादव, सुरेंद्र यादव, प्रतिनिधि नारायण साव, गौरवा देवी सहित अन्य लोग

## टाटीझरिया प्रमुख ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर लिया आशीर्वाद

**अपेम लाइव : टाटीझरियां**
**राज कुमार**



कंबल वितरण करते

प्रखंड प्रमुख शकुंतला देवी ने मंगलवार को टाटीझरिया में सैकडों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया। उन्होंने ठंड से ठिठुर रहे गरीब और असहाय लोगों को कंबल ओढ़ाकर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा ही उनकी प्रमुखता में शामिल है। जंगली क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। क्षेत्र में गरीब, असहाय और विकलांग लोगों को चिन्हित कर कंबल वितरण का कार्य किया गया। शीतलहरी व सर्द हवाओं के कारण कडाके की ठंड को देखते हुए ठिठुरते गरीब, निर्धन एवं जरूरतमंद लोगों के बीच गांव और टोला जाकर कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड में कंबल देकर मदद करने पर लाभार्थी थोड़ी देर के लिए भावुक हो गये। मौके पर उपस्थित प्रमुख प्रतिनिधि सुरेश यादव ने कहा कि कंबल वितरण का कार्य निरंतर जारी रहेगा। क्षेत्र के वृद्ध, असहाय, निर्धन लोगों की सूची तैयार की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से बचाया जा सके। बताते चलें कि मंगलवार से ठंड बढ गई है। अहले सुबह से ही ओस की सफेद चादर में क्षेत्र को लिपटा देखा जा रहा है। कंबल वितरण के दौरान मुख्य रूप से महादेव यादव, चोलो यादव, ईश्वर यादव, मोसेमात अकली, वीणा देवी, धानेश्वरी देवी, राधा देवी, रिंकी देवी, रीना देवी, सावित्री देवी, मेघनी देवी, जंगाली अगेरिया, महावीर अगेरिया, दिना अगेरिया, मंगर अगेरिया, तालो भुईयां, चांदमल भुईयां आदि लोग उपस्थित थे।

## पारा शिक्षक के पुत्र अभिषेक मेहता ने एनसीईआरटी एवं विज्ञान भर्ती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला में प्रथम स्थान हासिल किया

**अपेम लाइव : पदमा**
**सुमन राज मेहता**



अभिषेक मेहता

एनसीईआरटी एवं विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित षविद्यार्थी विज्ञान मंथनष प्रतियोगिता–2021 में पदमा प्रखंड अंतर्गत ग्राम नावाडीह के निवासी अभिषेक मेहता पूरे जिले में प्रथम स्थान एवं अश्विन मेहता पूरे जिले में तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे पदमा प्रखंड को गौरवान्वित किए हैं। दोनों अपने सगे भाई हैं। वर्तमान में डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग में अभिषेक मेहता कक्षा 10वीं एवं अश्विन मेहता कक्षा 11वीं में अध्ययनरत हैं। इनके पिता श्री दीपक कुमार मेहता उत्क्रमित उच्च विद्यालय नावाडीह प्रखंड पदमा में पारा शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। इन्होंने भी ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के प्रति काफी सजग रह कर गुणवत शिक्षा दे रहे हैं। विदित हो कि पिछले दो वर्षो से कोविड–19 के कारण शिक्षण संस्थान बंद रहा इस अवधि में इन्होंने रोल मॉडल के रूप में ऑनलाइन कक्षा का नियमित संचालन करते रहे। इनके कार्यो से प्रेरित होकर राज्य परियोजना निद. शक द्वारा भी इन्हें सम्मा. नित किया गया था। कहीं न कहीं इनके सकारात्मक पहल के कारण इनके अपने पुत्रों को भी उपलब्धि हासिल हो रही है। इस उपलब्धि से पूरे पदमा प्रखंड में हर्ष व्याप्त है।

## झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बिरनी/गिरिडीह**
**सब्बा अहमद**



उपस्थित शिक्षक कर्मी

झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ बिरनी प्रखंड इकाई का चुनाव कार्यक्रम 28 दिसंबर को जिला अध्यक्ष दिलचंद महतो कि अध्यक्षता में बी. आर.सी. बिरनी में बिनोद कुमार के संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्दीक शेख़, प्रधान सचिव सुमन कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव राय, जिला अध्यक्ष दिलचंद महतो, जिला महासचिव जमाल उद्दीन अंसारी मुख्य रूप से उपस्थित थे । प्रदेश अध्यक्ष मो. सिद्दीक शेख़ ने कहा कि आज बिरनी प्रखंड के दौरान माननीय मंत्री श्री जग. न्नाथ महतो एवं प्रसाशी पदाधिकारी द्वारा 60 वर्ष के सेवा स्थायीकरण सम्बन्धी समझौता पत्र जारी करने पर झारखंड राज्य प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ स्वागत करती है।1 जनवरी 2022 से राज्य के 62,000 पारा शिक्षक सहायक अध्यापक कहलाएंगे जिसकी घोषणा माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज 29 दि. सम्बर को मोराबदी की सभा में घोषणा करेंगें, उन्होंने कहा कि पारा शिक्षकों के नाम बदले है, अंजाम भी बदलेंगे। उन्होंने कहा कि अपने संघटन के गठन के एक वर्ष से पहले अपने सेवा स्थायीकरण तोफा पारा शिक्षकों को मिला है। अन्य सुविधा बहाल करने वेतनमान की मांग पूरा करने के लिए राज्य के पारा शिक्षकों से सहयोग की अपील की गई । संघ के प्रधान सचिव सुमन कुमार ने कहा कि ये बिरनी की धरती है यहां के लोग प्यार, सहयोग और समर्पण के साथ चलने वाले लोग हैं लेकिन यहां के लोगों को छेड़ने वाले, धोका देने वाले को कभी माफ़ नही करती हैं। राज्य के स्वार्थी मंडल हिटलर शाही के बल पर वेतनमान का सपना देख रहे थे। संघटन ने सरकार के नब्ज को पकड़ते हुए राज्य के पारा शिक्षकों के भविष्य सुरक्षित करते हुए सेवा स्थायीकरण पा लिया है। प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव राय ने कहा कि अन्याय के विरुद्ध प्रशिक्षित पारा शिक्षक संघ का संघर्ष जारी रहेगा और ये कारवां चलता रहेगा।सर्व सहमति से प्रखंड अध्यक्ष विनोद यादव,प्रखंड सचिव फ़िदा हुसैन, उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक कुमार, संयुक्त सचिव महेश कुमार, संयुक्त सचिव प्रभु बर्मा, कोषाध्यक्ष राजु रविदास, प्रवक्ता रोहित कुमार सिन्हा, संगठन मंत्री भोला यादव को चुनाव किया गया। कार्यक्रम में नई कमेटी का स्वागत करते हुए धन्यवाद ज्ञापन जिला महासचिव जमाल उद्दीन अंसारी ने किया । बैठक में मुख्य रूप से धनबाद जिला संघ के कार्यकारी छोटन प्रसाद राम, सलाक़त अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, अब्दुल लतीफ, रंजीत वर्मा, गणेश रविदास, वीरेंद्र कुमार शर्मा, दिनेश कुमार राय, रघुनाथ मंडल, सलामत अंसारी, आशीष शंकर, छोटू हजाम, विश्वनाथ दास राम एक लाल वर्मा, वीरेंद्र कुमार, पुनीत दास, मो. हम्मद इब्राहिम अंसारी, सुरेंद्र कुमार, सुखदेव दूरी, राजकुमार पांडेय, विपिन कुमार पांडेय, पूनम सिन्हा, बबीता सिन्हा, अर्जुन प्रसाद वर्मा, रामदेव प्रसाद यादव, शहाबुद्दीन, बोधी विश्वकर्मा, तबारक अली, बासुदेव प्रसाद शर्मा, मनोज कुमार, जितेंद्र पंडित, मकबूल अंसारी, मोहन रविदास, अशोक कुमार, गंगाधर तूरी, रामचंद्र दास के साथ–साथ बिरनी प्रखंड के सैकड़ों पारा शिक्षक उपस्थित थे।








APEM LIVE

दिनांक: 28-12-2021

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



# अपर सचिव, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार का चतरा जिला दौरा

## उपायुक्त ने चतरा जिला आगमन पर आभार व्यक्त करते हुए पुष्प भेंट कर अपर सचिव का किया स्वागत।

## अपर सचिव ने समाहरणालय के सभाकक्ष में आकांक्षी जिला से संबंधित समीक्षा बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश।

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




कान्हाचट्टी : डीपीआई आईटी के अपर सचिव अनिल अग्रवाल, अपर सचिव वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार–सह–केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी, चतरा चतरा जिला का दौरा किया। चतरा जिला आगमन पर परिसदन भवन में उपायुक्त अंजली यादव ने अपर सचिव को पुष्ट भेंट करते हुए जिले में आगमन को लेकर आभार व्यक्त किया। जिसके पश्चात अपर सचिव–सह–केन्द्रीय प्रभारी पदाधिकारी, चतरा ने समाहरणालय के सभा कक्ष में आकाक्षी जिले के विभिन्न मानको पर समीक्षा बैठक किया। वहीं जिले में एलडब्लुई प्रभावित क्षेत्र में विकास योजनाओं, समस्याओं एवं कार्य में आने वाली बाधाओं पर भी विस्तृत चर्चा किया।बैठक में मुख्य रूप से आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के सभी मानकों की एक एक कर समीक्षा की गई। साथ ही उनकी प्रगति भी देखी गयी। इनमें स्वास्थ विभाग को विशेष कर अपनी बेसलाइन डेटा में सुधार करने का निर्देश दिया गया। कई इंडिकेटर जैसे एएनसी tkap]FULL IMMUNIZATION, TB ट्रीटमेंट इत्यादि में सुधार का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को बच्चे के ट्रांजीशन रेट इंडिकेटर पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार से कृषि विभाग को अपने फार्म हार्वेस्ट प्राइस को बढ़ाने हेतु ज़िला स्तर पर कार्यक्रम करने को कहा गया। वहीं प्रधानमंत्री के निद.ेशानुसार आगामी दिनों मे भारत सरकार के द्वारा निर्धारित योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, NASP] प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण / शहरी) इत्यादि को सैचुरेट करने का निर्देश प्राप्त है। इस संबंध में ज़िले को अपने स्तर से अपनी जनसंख्या के आधार पर टारगेट का चयन कर सैचुरेशन कार्य प्रखंड स्तर पर करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे कई अन्य योजनाओं पर भी अपर सचिव द्वारा समीक्षा उपरांत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त, सुनील कुमार सिंह समेत बRPF Commandent. 190 Battalion. चतरा, निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन क्त्क।, चतरा, सिविल सर्जन, चतरा, अनुमण्डल पदाधिकारी – सह – जिला आपूर्ति पदाधिकारी, चतरा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ICDS जिला शिक्षा पदाधिकारी/ जिला शिक्षा अधीक्षक, स्वास्थ्य उपाधीक्षक, सदर अस्पताल, चतरा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, चतरा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मतस्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, REO] जिला अभियंता, जिला परिषद्, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण निगम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,JSLPS चतरा, District Coordinator CSC. चतरा, एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट फेलो एवं सभी DMFT&PMU Team एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 2017–18 में बनाये गए भेंडर द्वारा शौचालय राशि की गबन का मामला गरमाया

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा. प्रखंड के पंचायत खरगू में आपकी सरकार आपका अधिकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समापन के साथ ही प्रखंड में आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का समापन भी हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदा. धिकारी समरेश प्रसाद भंडारी, अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर, जिप उपाध्यक्ष चंदन देवी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम,ऐपवा अध्यक्ष सविता सिंह, उप प्रमुख दुर्गा यादव, प्रधान रेखा पांडेय, थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोइनुद्दीन,प्रधान प्रतिनिधि दिनेश पांडेय, समाजसेवी अशोक यादव आदि ने संयुक्त रुप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।कार्यक्रम में सत्र 2017 से 2018 तक प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बनने वाले शौचालय का पैसे का भुगतान भेंडर के द्वारा निकाशी कर गमन का मामला उठाया गया। वही उपप्रमुख दुर्गा यादव ने जिला से कोई वरीय पदाधिकारी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राधिकारी मौजूद नहीं रहने के कारण अधिकारियों पर सवाल उठाए। मौके पर पूर्व विधायक जानकी यादव विकलांग लोगों के कैम्प लगाकर प्रमाण पत्र देने की मांग किया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रतिनिधि केदार यादव, सांसद प्रति. निधि सुखदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष भुनेश्वर दास, मुखिया प्रति. निधि वीरेंद्र यादव, मुख्य प्रतिनिधि दिनेश पांडे, सेवाटांड मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव अकिल अहमद ,महेश कुमार, अंशु कुमार, रूपेश कुमार, अफजल अली ,राजकुमार पंडित,समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थ

## कांग्रेसियों ने मनाया 137वां स्थापना दिवस

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड में कांग्रेस पार्टी के प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मोईन उद्दीन के नेतृत्व में पार्टी के झंडा फहराने के साथ 137वां स्थापना दिवस मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोईन उद्दीन ने कहा कि कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 ई को 72 लोगो द्वारा किया गया। कांग्रेस की स्थापना ए.ओ.ह्यूम, दादा नौरोजी, ने अहम भ.ूमिका निभाई राष्ट्रीय महासचिव ए.ओ.ह्यूम ने कलकत्ता के व्योमकेश चन्द्र बनर्जी को प्रथम अध्यक्ष नियुक्त किया। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष राजू यादव, सिकंदर अली, महताब अंसारी, राजू मिर्धा, सलीम अंसारी, दस्तगीर अंसारी, रहमान अंसारी, अरुण पंडित, वीरेंद्र कुमार, राहुल कुमार, इत्यादि काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

APEM
LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार